1. हवामहल क्या है?

भारत देश पर जब भी किसी **विदेशी ताकतों** का आक्रमण हुआ है तो उसे रोकने के लिए **राजस्थान हमेशा ढाल की भांति** खड़ा रहा है। राजस्थान के इतिहास में एक से बढ़कर एक **योद्धा** पैदा हुए जिन्होंने न सिर्फ देश को बचाया बल्कि उन विदेशी आक्रांतों को सबक भी दिया। यह **माटी** वीर राजपूत राजाओ की रही है जिन्होंने कभी भी अपने **आत्मसम्मान से समझौता नहीं** किया।
आज की इस आर्टिकल में मैं आप लोगों को एक ऐसे **महान कलाकृति** के दर्शन कराऊंगा जिन्हे देखकर आप **गर्वान्वित** हो उठेंगे।
हवामहल राजस्थान राज्य के जयपुर जिले में स्थित है। जयपुर को **गुलाबी शहर** या ***pink city of Rajasthan*** के नाम से भी जाना जाता है। राजस्थान की **राजधानी** है जयपुर शहर।
जयपुर में अनेकों इमारते और महल है जिन्हे UNESCO द्वारा **विश्व विरासत की सूची** में रखा गया है।

1.1 हवामहल के निर्माणकर्ता

हवामहल का निर्माण **महाराजा सवाई प्रताप सिंह** के द्वारा **1799** में करवाया गया था। महाराजा सवाई प्रताप सिंह **कछवाहा राजपूत** के वंशजों से थे। इस महान कलाकृति को उस समय के जाने मने ***architect* लाल चाँद उस्ता** द्वारा डिज़ाइन किया गया था। यह आज भी उतना ही खूबसूरत है जितना की पहले।

1.2 .हवा महल की खासियत क्या है ?

हवामहल की कुछ खास बातें इस प्रकार है-

1. यह हवामहल दिखने में बिलकुल **मधुमक्खी के छत्ते** जैसा है.
2. यह **पांच मंजिला** ईमारत है.
3. इसमें कुल **953 खिड़खियाँ** लगी हुयी है जिनसे भयंकर गर्मी में भी **शीतलता** का अनुभव होता है और वैसे भी राजस्थान की जलवायु से तो आप सभी परिचित ही होंगे.
4. **लाल,गुलाबी** और **चुना पत्थर** द्वारा इसका निर्माण किया गया था.

5. इसका निर्माण राजघरानो की **वीरांगनाओ** के लिए बनाया गया था ताकि वह **महल** के अतिरिक्त **बाजारों** और **सड़को** पर हो रहे **क्रियाकलापों** का लुफ्त उठा सकें.

जयपुर शहर में स्थित हवामहल दिखने में बिलकुल मधुमक्खी के छत्ते जैसा है।

2. हवा महल की स्थापत्य कला

हवा महल बनाने का सबसे बड़ा उद्देश्य था- **विश्राम करना** और साथ ही अपने **दुश्मनो पर भी नजर रखना**। यह महल इस प्रकार से बनाया गया था की अंदर से तो **बाहर की सारी गतिविधियां दिखें** पर **बाहर से कुछ भी पता न चले**।
हवामहल एक **पांच मंजिला** ईमारत है। जिसकी जमीन से ऊंचाई **50 फिट** यानि **15 मीटर** है। ये एक अच्छी-खासी ऊंचाई है। उस समय ऐसी ऊंचाई वाली इमारते बनाना अपने आप में अध्भुत **कार्यक्षमता** और **निपुणता** को दर्शाता है।
इस महल में **खिड़कियों** पर विशेष ध्यान दिया गया है। इन खिड़कियों को बनाने के लिए **बलुआ पत्थर** की मदद ली गयी है। इस पर **बेहद करीने** से सजावट की गयी है। इसके साथ ही **नक्काशीदार, जालियां, गुम्बदें** और बुर्जे बनाये गए है।
हवामहल को **अष्टभुजाकार** यानि 8 भुजा वाली आकृति में बनाया गया है। जो इसे पूरी दुनिया में सबसे अलग बनाता है। गौर करने वाली बात यह है की हवामहल का पिछला हिस्सा बिलकुल **सादा** है इस पर किसी भी प्रकार की **नक्काशी नहीं** की गयी है।
आमतौर पर हमारे घरों में सीढ़ियों को अच्छी तरह से बनाया जाता है ताकि घर की खूबसूरती के साथ यह मैच हो जाये। लेकिन हवामहल के ऊपरी मंजिल यानि **4 थी और 5 वी मंजिल** की सीढ़ियों पर किसी भी प्रकार की सजावट नहीं की गयी थी ताकि इन मंजिलों पर चढ़ने के दौरान होने वाले **हादसों को टाला** जा सके।
यह सीढियाँ **खुरदुरी** होती थी ताकि महिलाओ को चढने में **आसानी** हो। इसे राजस्थानी भाषा में **खुर्रा** भी कहते है।
यह महल का निर्माण **इस्लामी, मुग़ल** और **राजपुताना शैली** में इसका निर्माण किया गया है।

2.1 हवामहल की पांच मंजिलों के नाम

हवामहल में **पांच मंजिले** है। इनका नाम इस प्रकार है -

1. **शरद मंदिर**
2. **रत्न मंदिर**

3. **विचित्र मंदिर**
4. **सूर्य प्रकाश मंदिर**
5. **हवा मंदिर**

3. हवामहल के दौरान सावधानियां

हवामहल के दौरान कुछ सावधानियां जिन्हे सभी पर्यटकों को अपनाना चाहिए।

1. हवामहल बेहद खूबसूरत है इसलिए इसका दीदार करने के लिए इसके **किनारे** पर जाने की कोशिश **न** करें.
2. एक **गाइड** का इंतजाम कर लें ताकि आप हवामहल के बारे में अच्छे से जान सकें.
3. अकेले घूमने से अच्छा है की आप सभी **समूह** या ***Group*** में रहकर इसका लुफ्त उठाये.
4. ध्यान रखें की यह महल ***UNESCO*** के विश्व धरोहर की सूचि में आता है इस वजह से इस जगह का पूरी तरह सम्मान करें. किसी भी वस्तु को नुकसान पहुंचने की कोशिश ना करें.

4. हवामहल घूमने का सही समय

यदि आप **हवामहल की खूबसूरती** को करीब से देखना चाहते है तो आप **सुबह** के समय आ सकते है। सुबह में जब **सूर्य की रौशनी** इस महल की **खिड़कियों** पर पड़ती है तो एक अलग ही किस्म का **भूलभुलैया** देखनेको मिलता है जो अन्य किसी भी ईमारत में नहीं देखने को मिलता है।

5. प्रदुषण द्वारा हवामहल की क्षति

धरती के लगातार गर्म होने का कारण है **global worming** यानि **वैश्विक तापमान** में वृद्धि। इसे बढ़ाने में हम **मनुष्य जाति** सबसे आगे है। **global worming** के कारण पृथ्वी का **आतंरिक संतुलन** बिगड़ गया है। हवामहल हो या ताजमहल इन सभी प्राचीन इमारतों को **अम्लीय वर्षा** यानि **acid rain** सबसे ज्यादा प्रभावित कर रही है। यही कारण है की ये इमारतें अपनी पुरानी **खूबसूरती** यानि इनका **रंग में थोड़ा परिवर्तन** होता चला जा रहा है।

6. हवामहल से सम्बंधित प्रमुख तथ्य

हवामहल से सम्बंधित तथ्य इस प्रकार है-

1. हवामहल **राजा के मुकुट** जैसा बनाया गया है.
2. इस महल को गुलाबी और लाल **पत्थर** से बनाया गया है. और साथ ही यह **87 डिग्री के कोण** पर टिका हुआ है.
3. इस महला में कुल **953 खिड़कियां** है.
4. हवामहल में जाने के लिए कोई भी **गेट नहीं है** इसके अंदर जाने के लिए आपको **सिटी पैलेस** से होकर के जाना पडेगा.
5. इसकी **वास्तुकला** दुनिया की सभी इमारतों के मुकाबले ज्यादा सुन्दर है.

7. जयपुर के अन्य आकर्षण

यूँ तो पूरा राजस्थान ही **आकर्षण** से भरा पड़ा है लेकिन आज हम बात कर रहे है जयपुर के हवामहल की तो आपको बता दूँ यदि आप जयपुर आये है तो इन जगहों पर जरूर **घूमने** के लिए जाये।

1. **जंतर मंतर**
2. **अलबर्ट हॉल संग्रहालय**
3. **बिरला मंदिर**
4. **जलमहल**
5. **रामबाग पैलेस**
6. **अम्बर पैलेस**
7. **जयपुर का चिड़ियाघर**
8. **सेंट्रल पार्क**

8. निष्कर्ष

हवामहल राजस्थान के प्रमुख **हीरों** में से एक है आप इसे **कोहिनूर** भी कह सकते है। इस महल में **सूर्य द्वारा पड़ने वाली रौशनी** से जब यह महल **जगमगाता** है तब यह अत्यंत **मनमोहक** दिखाई देता है।

यह स्थान का **इतिहास** में अपना महत्व है। यह जगह **बच्चो** और **बड़ों** सभी के लिए है।